असाइनमेंट विषय :– हिंदी कक्षा :- चौथी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर / जितेंद्र कौर

नाम :- ________________ सेक्शन :- _________ रोल नंबर :- ________ दिनांक :- /11/2021

मुहावरे

1) **अंधे की लाठी** - एकमात्र सहारा

शहीद सैनिक अपने परिवार के लिए **अंधे की लाठी** था।

2) **आँखों का तारा** - बहुत प्यारा

रघु अपने माता-पिता की **आँखों का तारा** है।

3) **चिकना घड़ा होना**-कुछ भी असर न होना

संदीप किसी की भी बात नहीं मानता, वह तो **चिकना घड़ा** है।

4) **आग बबूला होना** - बहुत क्रोधित होना

खिड़की का शीशा टूटा हुआ देखकर सोनू के पापा **आग बबूला हो गए**।

5) **आसमान सिर पर उठाना** - बहुत शोर करना

छुट्टी की खबर सुनते ही बच्चों ने **आसमान सिर पर उठा लिया**।

6) **हाथ-पाँव फूलना** -घबरा जाना

परीक्षा भवन में अपना पहचान-पत्र न मिलने पर मेरे **हाथ-पाँव फूल** गए।

7) **पेट में चूहे कूदना** -बहुत भूख लगना।

पाँच घंटे तक काम करने के बाद मेरे **पेट में चूहे कूदने लगे**।

8) **कमर कसना** - तैयार होना

परीक्षा की तिथि पास आते ही मैंने अपनी **कमर कस ली**।

9) **नौ-दो-ग्यारह होना** - भाग जाना

शरारती बच्चा अपनी माँ को देखते ही **नौ-दो-ग्यारह हो गया**।

10) **रात दिन एक करना** - बहुत मेहनत करना

'कौन बनेगा करोड़पति' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अमिताभ बच्चन ने **रात-दिन एक कर दिया**।

प्रश्न अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए |

1)	जो अपने देश का न हो	विदेशी
2)	साल में एक बार होने वाला	वार्षिक
3)	जो लकड़ी का काम करता है	बढ़ई
4)	जो अपने देश का हो	स्वदेशी
5)	सूर्य का निकलना	सूर्योदय
6)	जिसे पाना सरल हो	सुलभ
7)	दूसरों का भला करने वाला	परोपकारी
8)	स्थल (ज़मीन) पर विचरण करने वाला	थलचर
9)	हर दिन होने वाला	दैनिक
10)	भगवान को न मानने वाला	नास्तिक

क्रिया

प्रश्न 1 उचित क्रिया शब्द भरकर रिक्त स्थान भरो -

क) बच्चे बगीचे में _____________ रहे हैं |

ख) हम विद्यालय में _____________ हैं।

ग) मैं बहुत अच्छा गाना _____________ हूँ ।

घ) हिरण तेज़ - तेज़ _____________ रहा है।

ङ) रात को आसमान में तारे _____________ हैं।

च) पक्षी _____________ रहे हैं।

प्रश्न 2 क्रिया किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित बताओ |

____

____

प्रश्न 3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो।

क्रिया, अपने आप, अकर्मक, क्या, सकर्मक, कौन

क) कुछ काम किए जाते हैं और कुछ ________________ हो जाते हैं।

ख) जब क्रिया के साथ कर्म होता है तो उसे ____________ क्रिया कहते हैं।

ग) कर्ता जो काम करता है, उसे ______________ कहते हैं।

घ) जिन क्रियाओं में कर्म नहीं होता, उन्हें _____________ क्रिया कहते हैं।

ङ) सकर्मक क्रिया में ___________ प्रश्न का उत्तर मिलता है।

च) अकर्मक क्रिया में ____________ प्रश्न का उत्तर मिलता है|

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का रूप (अकर्मक /सकर्मक) पहचान कर लिखो -

क) बच्चा जाग गया है। ____________________

ख) सलोनी पाठ याद कर रही है। ____________________

ग) घोड़ा घास खाता है। ____________________

घ) शेर दहाड़ रहा है। ____________________

ङ) गुड़िया फ्रॉक पहनती है। ____________________

च) चिड़िया क्या चाह रही है? ____________________

प्रश्न 5 निम्नलिखित क्रिया शब्दों से वाक्य बनाओ -

खेलना - ____

पढ़ना - ____

चलना - ____

खाना - ____

हँसना - ____

देखना - ____

उत्तर

प्रश्न 1 उचित क्रिया शब्द भरकर रिक्त स्थान भरो -

क) खेल

ख) पढ़ते

ग) गाता

घ) दौड़

ङ) चमकते

च) उड़

प्रश्न 2 क्रिया किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित बताओ |

जो शब्द किसी काम का करना या होना बताते है , उन्हें क्रिया कहते है | जैसे - उठना, बैठना, लिखना आदि |

प्रश्न 3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो।

क) अपने आप

ख) सकर्मक

ग) क्रिया

घ) अकर्मक

ङ) क्या

च) कौन

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का रूप (अकर्मक /सकर्मक) पहचान कर लिखो -

क) अकर्मक

ख) सकर्मक

ग) सकर्मक

घ) अकर्मक

ङ)	सकर्मक

च)	अकर्मक

प्रश्न 5 निम्नलिखित क्रिया शब्दों से वाक्य बनाओ -

खेलना - मुझे खेलना है |

पढ़ना - अब्राहिम लिंकन को किताबें पढ़ना पसंद था।

चलना - अब हमें चलना चाहिए।

खाना - मुझे हलवा खाना है।

हँसना - जोर जोर से मत हँसना |

देखना - मुझे चिड़ियाघर देखना है।

क्रियाविशेषण

परिभाषा-जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहते हैं | जैसे श्याम कल आएगा।

इस वाक्य में 'कल' क्रिया विशेषण शब्द है जो क्रिया होने के समय का बोध करा रहा है।

प्रश्न नीचे दिए वाक्य में क्रिया विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए।

1) चिट्ठी आज सुबह मिली|

2) आजकल बहुत ठंड पड़ रही है।

3) मेरी बहन बहुत अच्छा नाचती है।

4) पिताजी अचानक आ गए।

5) वह मेरे आगे खड़ी थी।

6) राम ने उसे चारों ओर ढूंढा|

उत्तर

1) आज सुबह

2) आजकल

3) बहुत अच्छा

4) अचानक

5) आगे

6) चारों ओर